# महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय

राष्ट्रीय राजमार्ग सं. 15, जैसलमेर रोड, बीकानेर –334004 (राजस्थान) भारत


## प्रवेश सूचना
## एम. एस. सी. सेमेस्टर प्रथम
## द्वितीय काउसंलिग

विभाग में एम.एस.सी. सूक्ष्मजीव विज्ञान सेमेस्टर प्रथम हेतु प्रथम काउंसलिंग के पश्चात अनुसूचित जाति (04), अनुसूचित जनजाति (04) व अति पिछडा वर्ग (02)की रिक्त रही सीटों पर नवीन आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते है। आवेदन पत्र ऑफलाइन मोड में विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार भर कर विभाग में दिनांक 07.08.2025 को अपराह्न 03 बजे तक जमा करवाए जा सकते है। आवेदन पत्र विश्वविद्यालय की वेबसाइट अथवा विभाग के कार्यालय से प्राप्त किए जा सकते हैं।

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अति पिछडा वर्ग के ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने पूर्व में आवेदन किया हुआ है, उन्हें पुनः आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है तथा वे सीधे ही प्रवेश हेतु आयोजित होने वाली द्वितीय काउंसलिंग में भाग ले सकते है।

रिक्त रही आरक्षित सीटों पर प्रवेश हेतु द्वितीय काउंसलिंग दिनांक 12.08.2025 को प्रातः 10:00 बजे से 11:30 बजे तक विभाग में आयोजित की जाएगी। इच्छुक अभ्यर्थी आवश्यक रूप से प्रातः 10:00 बजे विभाग में उपस्थित होवें।

तदोपरांत रिक्त रही अनुसूचित जाति की सीटों को अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जनजाति की सीटों को अनुसूचित जाति के आवेदको से भरा जाएगा। उक्त के पश्चात भी उपरोक्त रिक्त रही सीटे सामान्य श्रेणी के आवेदको (जिन्होंने पूर्व में आवेदन किया है) से भरी जाएगी। उपरोक्त हेतु मेरिट के आधार पर दिनांक 12.08.2025 को 11:45 बजे से 1:00 बजे के मध्य काउंसलिंग प्रक्रिया संपादित की जाएगी। इच्छुक सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थी आवश्यक रूप से अपराह्न 11:15 बजे विभाग में उपस्थित होवें। प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में अन्य सूचनाएं विश्वविद्यालय की वेबसाइट से प्राप्त की जा सकती है।

नोटः–अभ्यर्थी समय का विशेष ध्यान रखें। निर्धारित समय पश्चात रिपोर्ट करने वाले अभ्यर्थियों के आवेदन पत्र पर प्रवेश हेतु विचार नहीं किया जाएगा।

प्रवेश प्रभारी